# अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
# ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

## सकारण आदेश

मुख्य अभियंता–3, सम्प्रति मुख्य अभियंता–5, मुजफ्फरपुर, ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–4209 अनु0 दिनांक–03.08.2023 की अनुशंसा के आलोक में संवेदक को कालीकृत (Blacklisting) के पूर्व विभागीय पत्रांक–5108 दिनांक–11.09.2023 द्वारा 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने की माँग की गई थी, जिसके प्रत्युत्तर में संवेदक द्वारा अपने पत्रांक–76 दिनांक–21.09.2023 एवं पत्रांक–81 दिनांक–04.10.2023 द्वारा बताया गया कि विभागीय पत्र के साथ मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक–4209 अनु0 दिनांक–03.08.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मोतिहारी के पत्रांक–841 दिनांक–25.07.2023 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी का पत्रांक–1748 अनु0 दिनांक–25.07.2023 की प्रति संलग्न नहीं रहने के कारण विन्दुवार स्पष्टीकरण समर्पित करना संभव नहीं है।

पुनः संवेदक **M/S Star Construction, (निबंधन सं0–1200106)** को वांछित सभी कागजातों की छायाप्रति संलग्न करते हुए विभागीय पत्रांक–5821 दिनांक–09.10.2023 द्वारा 15(प्रन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने की माँग की गई। इसके प्रत्युत्तर में संवेदक द्वारा पत्रांक–92 दिनांक–13.11.2023 द्वारा बताया गया कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी के पत्रांक–1692 अनु0 दिनांक–17.07.2023, जो कि आयकर अधिकारी, आयकर विभाग, मोतिहारी को प्रेषित है, उसका उत्तर कारण पृच्छा के साथ संलग्न नहीं है।

संवेदक M/S Star Construction पर आरोप है कि ग्रामीण कार्य विभाग की निविदाओं में दो PAN No-(AEBFS5983H एवं ABDFS2588K) का उपयोग किया गया है। संवेदक द्वारा MR(3054) योजनान्तर्गत आमंत्रित निविदा Tender ID-2023-ECBIH_123725_1 में भाग लिया गया है। इस निविदा के साथ संलग्न कागजातों में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मधुबनी से 85.13714 लाख रूपये का भुगतान प्राप्त करने का कागजात अपलोड किया गया है, जो PAN No-AEBFS5983H से प्राप्त किया गया है, जबकि इस निविदा में 2015–16 से 2022–23 तक के सभी Audit Reports एवं TDS Certificate में PAN No- ABDFS2588K अंकित है। इस प्रकार स्पष्ट है कि एक साथ एक ही फर्म के नाम से दो अलग–अलग PAN का उपयोग कर संवेदक M/S Star Construction द्वारा कपटपूर्ण कृत्य किया गया है। यह बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली के तहत दंडनीय है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी द्वारा आयकर अधिकारी को लिखे गये पत्र के आलोक में आयकर विभाग का कहना है कि दोनों पैन Active है।

क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा प्रेषित प्रस्ताव, अभिलेख एवं अनुशंसा के आलोक में संवेदक **M/S Star Construction, (निबंधन सं0–1200106)** को कालीसूची में सम्मिलित करने के पूर्व विभागीय पत्रांक–2054 दिनांक–07.06.2024 द्वारा संवेदक को 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु अंतिम स्मारित किया गया, किन्तु निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने के बाद अबतक संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया है। इससे प्रतीत होता है कि संवेदक को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

SP

अतएव वर्णित परिपेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क)(IX) के आलोक में संवेदक **मेसर्स स्टार कन्सट्रक्शन (प्रो0–परवेज अहमद), (निबंधन सं0–1200106), S/o-Hassan Ahmad Khan, At Balua Tol, Po-Motihari, Ps-Nagar Thana, Dist-East Champaran, Bihar, Pin-845401** को अगले 04 (चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

11/07/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक:–14–अ0प्र0–01–45/2023 - 2420 /पटना, दिनांक:–12/07/2024

प्रतिलिपि:–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक:–14–अ0प्र0–01–45/2023 - 2420 /पटना, दिनांक:–12/07/2024

प्रतिलिपि:–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक:–14–अ0प्र0–01–45/2023 - 2420 /पटना, दिनांक:–12/07/2024

प्रतिलिपि:–प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव

SP

ज्ञापांकः—14—अ0प्र0—01—45/2023 · 2420 /पटना, दिनांकः—12/07/2024

प्रतिलिपिः—**संवेदक मेसर्स स्टार कन्सट्रक्शन (प्रो0—परवेज अहमद), निबंधन सं0—(1200106), S/o- Hassan Ahmad Khan, At Balua Tol, Po- Motihari, Ps- Nagar Thana, Dist-East Champaran, Bihar, Pin- 845401** को सूचनार्थ प्रेषित।

11/07/2024

अभियंता प्रमुख—सह—अपर
आयुक्त—सह—विशेष सचिव

SP